# गोरखपुर, बाराबंकी और सीतापुर में 383 .22 करोड़ रुपये का होगा औद्योगिक निवेश

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के अंतर्गत गोरखपुर, बाराबंकी व सीतापुर में तीन कंपनियों को 383.22 करोड़ रुपये निवेश की स्वीकृति के लिए लेटर आफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। मंत्री ने बताया कि इन कंपनियों में टेक्नो प्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड 96.00 करोड़ रुपये के निवेश के साथ गोरखपुर में प्लास्टिक की बोतलें एवं ढक्कन बनाने की इकाई स्थापित करेगी। वहीं आर्चियन फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 170 करोड़ रुपये के निवेश के साथ बाराबंकी में लाहोरी ब्रांड नाम से पेय पदार्थ तथा नील श्री शुगर प्राइवेट लिमिटेड सीतापुर में 117.22 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अनाज से स्प्रिट, अल्कोहल व इथेनाल की इकाई स्थापित करेगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।